प्रश्नों की संख्या-23 विद्या भारती शिक्षा संस्थान पृष्ठ - 5

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2018-2019

नामांक

कक्षा – दशमी

विषय – हिन्दी

समय : 3.15 घण्टे पूर्णांक – 70

आलोक :– कार्य स्वच्छता से सुलेख में कीजिए। सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।

## खण्ड – क

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –3

भारतीय भाषाओं और साहित्य में अग्रस्थान ग्रहण करने का हिन्दी ने आग्रह नहीं किया। यह इन सब की संयोजक शक्ति के रूप में बनी रहना चाहती है। हिन्दी का यह विनय हिन्दी के हीन भाव के कारण नहीं है। अब वह समय आ गया है जब हम हिन्दी की संतानों को क्षमा प्रार्थना के स्वर में नहीं, सत्य स्थापना के स्वर में यह दृढ़ता पूर्वक करना चाहिए कि राजभाषा होने के लिए हिन्दी अब अपने को अपमानजनक शर्तों पर बेचने को तैयार नहीं है। राजभाषा का पद हिन्दी के लिए बहुत छोटा पद है। हिन्दी का साहित्यकार राजस्तुति को, प्राकृतजन के गुणगान को हमेशा हेय और तुच्छ कवि कर्म मानता आया है। वह हमेशा तेज का उपासक रहा हैं – वह तेज चाहे छोटे से छोटे आदमी में हो पर हों। वह ऐसा कि उसमें समग्र विश्व का तेज प्रतिबिंबित हो। हम शासन के दबाव के कारण नहीं, अपने दायित्व के बोध के कारण समग्र भारत के जीवन के संस्पर्श से हिन्दी को पुलकित कर रहे हैं और करेंगे। प्रकाश की किरण विदेश के किसी भी कोने से आये उसे ग्रहण करेंगे, पर उसके साथ ही हम प्रत्येक ऐसी बाधा का या दीवार का भंजन भी करेंगे जो हमें घेरती हों, जो हमारे प्राणों को बंधन में डालती हैं तथा जो हमारे प्रकाश रूँधती हों।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ख) हिन्दी का साहित्यकार किसे तुच्छ कर्म मानता आया है?

(ग) हिन्दी के रचनाकार किस तेज के उपासक रहे है?





2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए – 3

हरि काहे के अन्तर्यामी?
जौ हरि मिलत नहीं यहि औसर, अवधि बतावत लामी।
अपनी चोप जाय उठि बैठे और निरस बेकामी?
सो कहं पीर पराई जानै जो हरि गरूड़ागामी।।
आई उधारि प्रीति कलई सी जैसे खाटी आमी।
सूर इते पर अनख मरति है, ऊधो पीवति मामी।।

(क) हरि का चाव किस ओर कम हो गया?

(ख) कृष्ण के प्रेम की वास्तविकता का पता कब चला?

(ग) पीर, लामी शब्दों के अर्थ लिखिए।

## खण्ड – ख

3. दिये गये बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 8

(क) देशाटन से लाभ

1. मानव मनोवृति और देशाटन
2. देशाटन की व्यवस्था
3. देशाटन से लाभ
4. उपसंहार

(ख) समय का सदुपयोग

1. समय का महत्व
2. समय के सदुपयोग की जरूरत
3. समय के सदुपयोग से लाभ
4. समय का दुरुपयोग से हानि
5. उपसंहार

(ग) आतंकवाद : एक विश्वव्यापी समस्या

1. आतंकवाद एक विकृति
2. आतंकवाद के कारण
3. आतंकवादी घटनाएँ एवं दुष्परिणाम
4. समाधान

5. उपसंहार

(घ) पर्यावरण प्रदूषण : विकट समस्या

1. पर्यावरण क्या है?
2. प्रदूषण के विविध प्रकार
3. प्रदूषणके कुप्रभाव
4. निवारण के उपाय
5. आपके द्वारा किये गये प्रयास

4. प्रधानाचार्य शारदा बाल निकेतन, नागौर की ओर से पुलिस अधीक्षक, नागौर को एक पत्र लिखिए, जिसमें बोर्ड की परीक्षा के दौरान उचित पुलिस बल तैनात करने का आग्रह किया गया हो। 4

अथवा

आप मीनाक्षी शर्मा श्रीनगर (कश्मीर) निवासिनी है। अजमेर निवासिनी अपनी सहेली को एक पत्र लिखिए जिसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश इस बार आपके साथ जम्मू कश्मीर में बिताने का आग्रह हो।

**खण्ड – ग**

5. (क) व्यक्तिवाचक विशेषण को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) सामान्य क्रिया एवं संयुक्त क्रिया में अन्तर स्पष्ट कीजिये। 1

(ग) करण कारक को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 1

(घ) कुसुम घर गयी है। में निहित काल लिखिए। 1

(ङ) द्विगु समास को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए 2

(च) (i) उसे मृत्यु दण्ड की सजा सुनाई गई।

(ii) मैं प्रातःकाल के समय पढ़ता हूँ। वाक्य शुद्ध करके पुनः लिखिए। 2

(छ) वाच्य किसे कहते है? भेदों के नाम लिखिए। 1

**खण्ड – घ**

6. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5

मधुकर श्याम हमारे चोर।
मन हरि लियौ तनक चितवनि मैं, चपल नैन की कोर।।
पकरे हुते हृदय उर अंतर, प्रेम प्रीति कैं जोर।
गए छँडाई तोरि सब बंधन, दे गए हँसनि अँकोर।।
चौंकि परी जागत निसि बीती। दूत मिल्यौ इक और।
सूरदास प्रभू सरबस लूटयौ, नागर नवल किसोर।।



अथवा

देखैं छिति अंबर जलै है, चारि ओर छोर,
तिन तरबर सब ही कौं, रूप हरयो है।
महाझर लागै जोति भादव की होति चलै,
जलद पवन तन सेक मानों परयौ है।
दारुन तरनि तरैं नदी सुख पावै सब,
सीरी धन छाँह चाहिबोई चित् धरयौ है।

7. निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5

हामिद को स्वीकार करना पड़ा कि खिलौनों को देखकर किसी की माँ इतनी खुश न होंगी, जितनी दादी चिमटे को देखकर होगी। तीन पैसों ही में तो उसे सब कुछ करना था और उन पैसों के इस उपयोग पर पछतावे की बिल्कुल जरूरत न थी। फिर अब तो चिमटा रूस्तमे–हिंद है और सभी खिलौनों का बादशाह!

अथवा

लक्ष्मण! जरा उस राजा से कह देना कि मैंने तो तुम्हारी आँख के सामने ही आग में कूदकर अपनी विशुद्धता साबित कर दी थी। तिस पर भी, लोगों के मुख से निकला मिथ्यावाद सुनकर ही तुमने मुझे छोड़ दिया। क्या यह बात तुम्हारे कुल के अनुरूप है? अथवा क्या यह तुम्हारी विद्वता या महत्ता को शोभा देने वाली है? सीता का यह संदेश कटु नहीं तो क्या मीठा है? 'राजा' मात्र कहकर उसके पास अपना संदेशा भेजा।

8. लक्ष्मण–परशुराम संवाद की भाषा की विशेषता बताइये। 4

(उत्तर सीमा 200 शब्द)

अथवा

कृपाराम खिड़िया द्वारा संकलित अंश के आधार पर हिम्मत एवं पराक्रम के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

9. "भारत प्रकृति का खूबसूरत उपहार है।" "आखिरी चट्टान" पाठ के आलोक में इस कथन की व्याख्या कीजिए। 4

(उत्तर सीमा 200 शब्द)

अथवा

सप्रमाण सिद्ध कीजिये कि भारतेन्दुजी ने "एक अद्भुत अपूर्व स्वप्न" निबंध में तत्कालीन समाज का चित्र व्यंग्य के माध्यम से उपस्थित किया है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में दीजिए।

10. नैत्रों को मधुमक्खी के समान क्यों बताया गया है? 2

11. कवि जय शंकर प्रसाद ने ईश्वर को अनादि क्यों कहा है? 2

12. कविता 'मातृ–वंदना' के अनुसार कवि माँ के चरणों में क्या–क्या समर्पित करना चाहता है? 2

13. 'उषा की लाली' कविता का शिल्प सौन्दर्य लिखिए। 2

14. ईर्ष्यालु लोगों से बचने के लिए नीत्से ने क्या उपाय सुझाया है? 2

15. राजमहल में काली घटाएँ क्यों छा गई? 2

16. 'दादू खोल' से क्या आशय है? 2

17. हामिद ने चिमटे की उपयोगिता को सिद्ध करते हुए क्या–क्या तर्क दिए? 2

(प्रश्न संख्या 18 से 21 का उत्तर एक पंक्ति में दीजिए।)

18. सारे बंधन तोड़ कर कौन कहाँ चला गया? 1

19. परशुराम लक्ष्मण को मंदबुद्धि क्यों कह रहे है? 1

20. उद्दण्ड पंडित कहाँ से बुलाए गए? 1

21. जेलर का क्या नाम था? 1

22. सेनापति का जीवन परिचय दीजिये। 2

23. 'महावीर प्रसाद द्विवेदी' का जीवन परिचय दीजिये। 2

+++++